भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 759**

07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**विदेशी नागरिकों के लिए आयुष वीज़ा**

759. श्री बिद्‌युत बरन महतोः
श्री पी. पी. चौधरीः
श्री पी. सी. मोहनः
श्री दिनेशभाई मकवाणाः
श्री प्रवीण पटेलः
श्री जुगल किशोरः
श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः
श्री सुरेश कुमार कश्यपः:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आयुष वीज़ा के लिए स्थापित विशिष्ट दिशानिर्देशों का ब्यौरा क्या है , जिसमें प्रवास की अधिकतम अवधि, विस्तार प्रावधान और उपचार पात्रता के लिए निर्धारित मानदंड शामिल हैं;

(ख) क्या आयुष वीज़ा आवेदकों के लिए चिकित्सा बीमा और वित्तीय गारंटी के संबंध में कोई अनिवार्य अपेक्षाएं निर्धारित की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) आयुष वीज़ा की शुरुआत से अब तक देशवार कुल कितने आयुष वीजा जारी किए गए हैं और इसके अंतर्गत देशवार सबसे अधिक किस उपचार की मांग की गई है;

(घ) क्या आयुष वीज़ा के अंतर्गत विदेशी रोगियों के अनुभवों का पता लगाने के लिए कोई निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और निष्कर्ष क्या रहे; और

(ङ) स्वास्थ्य उपचार के लिए भारत आने वाले विदेशियों का राज्यवार , संघ राज्यक्षेत्रवार और उपचारवार, विशेषकर हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्रालय के राज्यश मंत्री (स्वदतंत्र प्रभार)**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): सरकार ने दिनांक 27 जुलाई, 2023 को आयुष चिकित्सा पद्धति के तहत उपचार प्राप्त कराने के लिए भारत आने वाले विदेशियों और उनके परिचारकों (पाकिस्तानी नागरिक को छोड़कर) के लिए आयुष

वीज़ा की एक अलग श्रेणी शुरू की है। आयुष वीज़ा चार उप-श्रेणियों के अंतर्गत उपलब्ध है , अर्थात (i) आयुष वीज़ा (एवाई-1), (ii) आयुष परिचर वीज़ा (एवाई2), (iii) ई-आयुष वीज़ा और (iv) ई-आयुष परिचारक वीज़ा। आयुष संबंधी वैधता की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष की अवधि या उपचार की अवधि , जो भी कम हो, तक होती है और एक वर्ष की अवधि के दौरान अधिकतम तीन बार प्रवेश किया जा सकता है। इसके अलावा, इस अवधि को भारत में किसी मान्यता प्राप्त अस्पताल से चिकित्सा प्रमाण पत्र/परामर्श प्रस्तुत करने पर उस तिथि से अधिकतम 05 वर्ष की अवधि तक वार्षिक आधार पर बढ़ाया जा सकता है जिस तिथि से संबंधित विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ)/विदेशी पंजीयन अधिकारी (एफआरओ) द्वारा प्रारंभिक वीज़ा जारी किया जाता है। इसी तरह, ई-आयुष वीज़ा भारत में पहली बार प्रवेश की तारीख से 60 दिनों तक की अवधि के लिए दिया जाता है। ई-आयुष वीजा के मामले में संबंधित एफआरआरओ/एफआरओ द्वारा, मामले-दर-मामले के आधार पर प्रत्येक मामले के गुण-दोष के आधार पर , छह महीने तक की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

आयुष वीज़ा उस विदेशी को दिया जाता है जिसका एकमात्र उद्देश्य किसी संबंधित सरकारी प्राधिकरण (प्राधिकारियों) या अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच)/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच)/ राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एनसीआईएसएम) द्वारा मान्यता प्राप्त आयुष सेवाएं प्रदान करने वाले अस्पतालों से मान्यता प्राप्त तथा पंजीकृत अस्पताल/आरोग्य केंद्र में चिकित्सीय देखभाल और आरोग्य जैसी आयुष पद्धतियों के माध्यम से उपचार प्राप्त करना है।

(ख): आयुष वीज़ा उस विदेशी को दिया जाता है जिसके पास भारत में रहने के दौरान खर्च करने के लिए पर्याप्त धन हो , जिसमें उसके उपचार के खर्च भी शामिल हों। संबंधित मिशन/पोस्ट को किसी विदेशी नागरिक को ऐसा वीज़ा प्रदान करने से पहले स्वयं संतुष्ट होना होगा। हालाँकि , आयुष वीज़ा के लिए आवेदन करने हेतु बीमा संबंधी कोई आवश्यकता नहीं है।

(ग): दिनांक 4 फरवरी, 2025 तक की स्थिति के अनुसार, दिनांक 1 जनवरी, 2024 से विदेशी नागरिकों को कुल 1,507 आयुष वीज़ा (परिचारक वीज़ा को छोड़कर) जारी किए गए हैं। देश द्वारा वर्गीकृत और चिकित्सा उपचार के प्रकार के अनुसार , जारी किए गए आयुष वीज़ा का विवरण **संलग्नक-I** पर दिया गया है।

(घ): आयुष वीज़ा के तहत विदेशी रोगियों के अनुभवों पर नज़र रखने के लिए ऐसा कोई निगरानी तंत्र स्थापित नहीं किया गया है।

(ङ): हिमाचल प्रदेश में पंचकर्म उपचार के लिए तीन आयुष वीज़ा जारी किए गए हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अनुसार वर्गीकृत और चिकित्सा उपचार के प्रकार के अनुसार जारी किए गए आयुष वीज़ा का विवरण **संलग्नक-II** पर दिया गया है।

****

**परिशिष्ट-I**

**देशवार नियमित आयुष वीजा**

| **देश** | **2024** | **2025** | **कुल योग** |
|---|---|---|---|
| सऊदी अरब | 21 | 3 | 24 |
| तुर्की | 18 | 1 | 19 |
| कुवैत | 13 | 4 | 17 |
| यमन | 13 | 2 | 15 |
| श्रीलंका | 8 | 3 | 11 |
| बुल्गारिया | 10 | 1 | 11 |
| लेबनान | 7 | 2 | 9 |
| ओमान | 7 | - | 7 |
| सर्बिया | 5 | - | 5 |
| केन्या | 4 | - | 4 |
| ज़िम्बाब्वे | 2 | - | 2 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | 2 | - | 2 |
| तंजानिया | 2 | - | 2 |
| सेशेल्स | 2 | - | 2 |
| मोरक्को | 2 | - | 2 |
| मॉरीशस | 2 | - | 2 |
| मलावी | 2 | - | 2 |
| जिबूती | 2 | - | 2 |
| ज़ाम्बिया | 1 | - | 1 |
| त्रिनिदाद और टोबैगो | 1 | - | 1 |
| सीरिया | 1 | - | 1 |
| स्वीडन | 1 | - | 1 |
| सूडान | 1 | - | 1 |
| जॉर्डन | 1 | - | 1 |
| जापान | 1 | - | 1 |
| हांगकांग | 1 | - | 1 |
| जर्मनी | 1 | - | 1 |
| फ्रांस | - | 1 | 1 |
| कनाडा | 1 | - | 1 |
| **कुल योग** | **132** | **17** | **149** |

**देशवार ई-आयुष वीजा**

| देश | 2024 | 2025 | कुल योग |
|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 16 | 4 | 20 |
| ऑस्ट्रिया | 9 | 0 | 9 |
| अज़रबैजान | 0 | 2 | 2 |
| बेल्जियम | 10 | 5 | 15 |
| ब्राज़ील | 2 | 0 | 2 |
| बुल्गारिया | 11 | 1 | 12 |
| कनाडा | 10 | 2 | 12 |
| साइप्रस | 0 | 2 | 2 |
| चेक गणराज्य | 14 | 0 | 14 |
| डेनमार्क | 6 | 0 | 6 |
| एस्टोनिया | 1 | 0 | 1 |
| फ़िनलैंड | 3 | 1 | 4 |
| फ्रांस | 181 | 85 | 266 |
| जर्मनी | 148 | 37 | 185 |
| हंगरी | 2 | 0 | 2 |
| आयरलैंड | 5 | 0 | 5 |
| इज़राइल | 40 | 5 | 45 |
| इटली | 18 | 3 | 21 |
| जापान | 5 | 2 | 7 |
| कज़ाखस्तान | 2 | 2 | 4 |
| केन्या | 2 | 8 | 10 |
| लातविया | 1 | 0 | 1 |
| लिकटेंस्टीन | 1 | 0 | 1 |
| लक्ज़मबर्ग | 0 | 1 | 1 |
| मलेशिया | 3 | 1 | 4 |
| मॉरीशस | 2 | 0 | 2 |
| मेक्सिको | 1 | 0 | 1 |
| मोनाको | 0 | 2 | 2 |
| नीदरलैंड | 6 | 6 | 12 |
| न्यूज़ीलैंड | 3 | 0 | 3 |
| नाइजर | 1 | 0 | 1 |
| नॉर्वे | 6 | 1 | 7 |
| ओमान | 16 | 5 | 21 |
| फिलीपींस | 1 | 0 | 1 |
| पोलैंड | 5 | 0 | 5 |
| पुर्तगाल | 12 | 3 | 15 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्रोएशिया गणराज्य | 1 | 0 | 1 |
| स्लोवेनिया गणराज्य | 2 | 1 | 3 |
| रोमानिया | 5 | 0 | 5 |
| रूसी संघ | 4 | 0 | 4 |
| सऊदी अरब | 70 | 8 | 78 |
| सेनेगल | 1 | 0 | 1 |
| सिंगापुर | 2 | 0 | 2 |
| स्पेन | 4 | 0 | 4 |
| स्वीडन | 6 | 3 | 9 |
| स्विट्ज़रलैंड | 409 | 46 | 455 |
| तंजानिया | 2 | 1 | 3 |
| यूक्रेन | 2 | 0 | 2 |
| संयुक्त अरब अमीरात | 5 | 0 | 5 |
| यूनाइटेड किंगडम | 17 | 5 | 22 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | 27 | 10 | 37 |
| उरुग्वे | 1 | 0 | 1 |
| उज्बेकिस्तान | 3 | 0 | 3 |
| ज़िम्बाब्वे | 2 | 0 | 2 |
| **कुल योग** | | | **1358** |

**अनुबंध II**

## आयुष ई-वीज़ा के तहत राज्यवार चिकित्सा उपचार

| क्रम सं. | राज्य | उपचार | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | क्षारसूत्र | 1 |
| 2. | दिल्ली | पंचकर्म, ऑंकोलॉजी, किडनी उपचार, बांझपन, स्त्रीरोग, डिटॉक्सिफिकेशन | 10 |
| 3. | गोवा | योग उपचार, आयुर्वेद | 3 |
| 4. | गुजरात | सम्पूर्ण शरीर स्वास्थ्य जांच, मूत्राशय की समस्या/उतरबस्ती, तंत्रिका, आयुर्वेदिक उपचार | 8 |
| 5. | हरियाणा | त्वचा उपचार, पंचकर्म, कैंसर, कार्डियक उपचार, नेत्र सर्जरी | 6 |
| 6. | हिमाचल प्रदेश | पंचकर्म उपचार | 3 |
| 7. | कर्नाटक | पंचकर्म, क्षारसूत्र, काय चिकित्सा, रीढ़/कंधे का उपचार, आयुर्वेदिक सर्जरी | 68 |
| 8. | केरल | आयुर्वेद उपचार, वेलनेस उपचार, ऑस्टियोआर्थ्राइटिस, स्पाइनल इंजरी, स्ट्रोक, फिजियोथेरेपी, पंचकर्म | 1204 |
| 9. | महाराष्ट्र | पंचकर्म, न्यूरो पुनर्वास, आयुर्वेदिक उपचार | 17 |
| 11. | तमिलनाडु | पंचकर्म, आयुर्वेद उपचार, रेडियोटैक्टिव आयोडीन थेरेपी | 21 |
| 12. | तेलंगाना | न्यूरोलॉजी, स्त्रीरोग, नेत्र उपचार, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी | 10 |
| 13. | उत्तर प्रदेश | लिवर ट्रांसप्लांट | 2 |
| 14. | उत्तराखंड | पंचकर्म, डिटॉक्स | 4 |
| **कुल** | | | **1358** |